श्याम नाम का सुमिरण | By Manoj Agarwal

श्याम प्रभु का दर्शन कर लो
अपना सफल तुम जीवन कर लो
साँझ सवेरे श्याम नाम का सुमरण कर लो

श्रद्धा भाव से जो मेरे,श्याम को मनाते है
पाते उनसे मुँहमाँगा वर, हार के जो आते है
जय श्री श्याम का उच्चारण कर लो
श्याम प्रभु का दर्शन कर लो

शीश दान देके इसने,धर्म को बचाया था
मोर्वी के लाल ने तब,श्याम नाम पाया था
भक्ति उन्हें अब,अर्पण कर लो
श्याम प्रभु का दर्शन कर लो

'रूबी रिधम' को भरोसा,तुम पे बाबा है भारी
जाने सारी घट घट की ये,ऐसा लखदातारी
हारे के सहारे का,वंदन कर लो
श्याम प्रभु का दर्शन कर लो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b0%e0%a4%a3-by-manoj-agarwal/